VARDHMAN NEWS VN NEWS पदमं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 5 नवम्बर 2025, बुधवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क

सुश्रावक देवराज लोढ़ा को इंदौर में मिला राष्ट्रीय सम्मान

ब्यावर लौटने पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा किया बहुमान





ब्यावर नगर के समाज सेवी वरिष्ठ श्रावक श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्री देवराज लोढ़ा का रविवार 02 नवम्बर को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में चातुर्मास हेतु प्रवास कर रहे जैन समाज के वरिष्ठ संत श्रुत मुनि सा,प्रमोद मुनि सा,राजेश मुनि सा, महा साध्वी रमणीक कुंवर जी,साध्वी कल्पलता जी,साध्वी रश्मि श्री जी की पावन निश्रा में श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वाधान में जन्म दीक्षा जयंती गुणानुवाद समारोह में श्री जैन दिवाकर गुरु प्रताप रमेश राष्ट्रीय अवार्ड एवम श्री जैन दिवाकर गुरु मोहन राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने किया बहुमान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा का ब्यावर लौटने पर वर्द्धमान परिवार द्वारा माला,साफा,शॉल पहनाकर बहुमान किया गया। समिति के महामंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ वर्द्धमान परिवार के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण जैन समाज एवं ब्यावर जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया ने चेन्नई से श्री देवराज लोढ़ा को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ये सम्मान पूरी संस्था का सम्मान है। उन्हे गर्व है की संस्था से जुड़े इस व्यक्तित्व को दिवाकर जैन समाज द्वारा राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है।



अवार्ड प्राप्ति के पश्चात वर्द्धमान परिसर में आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम में समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सह मंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रकाश गदिया, रमेश चंद मेडतवाल, प्रवीण कुमार खेतपालिया, दीपचंद कोठारी, दुलराज मकाना, उत्तमचंद देरासरिया, समिति सदस्य वैभव सुखलेचा, धनपत राज श्रीश्रीमाल, विशाल नाहटा(चेन्नई), वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा, समिति प्रबंधक नेहा जैन ने समिति के कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा का माला,साफा, शॉल पहना कर बहुमान किया।

ब्यावर के लब्ध प्रतिष्ठित व्यवसायी देवराज लोढ़ा नगर की विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों से सेवा समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हुए है। श्री लोढ़ा श्री जैन दिवाकर संघ ब्यावर इकाई के अध्यक्ष पद पर आरूढ़ है। उनकी धर्म सहायिका श्री दिवाकर जैन महिला मंडल की अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रही है। पूरा परिवार जिनशासन की सेवा में अग्रणी है।

महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के विशेष आमंत्रित सदस्य बने वीर डॉ. नरेन्द्र पारख

ब्यावर जिले में यह सम्मान पाने वाले पहले व्यक्ति









महावीर इंटरनेशनल एपेक्स ने अपने सत्र 2025-2027 के लिए सेवा, सहयोग और संगठन के प्रति सक्रिय योगदान देने वाले प्रतिष्ठित सदस्यों में से एक वीर डॉ. नरेन्द्र पारख को गवर्निंग कौंसिल कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य पद पर मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति संगठन की उच्चतम नीति निर्धारण समिति में सम्मानजनक भूमिका प्रदान करती है।अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अनिल जैन एवं महासचिव सोहनलाल वैद्य ने उल्लेख किया कि डॉ. पारख ने संगठन के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने, सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने और संस्था के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. पारख संगठन के लिए सार्थक योजनाएँ बनाएंगे, प्रत्येक केंद्र तक सेवा कार्यों के परिणाम पहुँचाएँगे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने वाले कार्य करेंगे। रीजन कोषाध्यक्ष दीपचन्द कोठारी ने कहा कि यह मनोनयन केवल सम्मान नहीं बल्कि एक संकल्प है - सेवा, निष्ठा और आदर्श का।

डिप्टी डायरेक्टर धनपतराज श्रीश्रीमाल ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल एपेक्स, जो सबको प्यार सबकी सेवा के आदर्श वाक्य पर आधारित एक नॉन-रिलीजन सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन है, पिछले पाँच दशकों से समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों - चिकित्सा, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और मानवता के कल्याण हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

जोन सचिव रूपेश कोठारी के अनुसार डॉ. नरेन्द्र पारख की यह नियुक्ति न केवल ब्यावर बल्कि पूरे ज़ोन के लिए गौरव का विषय है। यह संगठन के उस विश्वास का प्रतीक है जो अपने कर्मठ सदस्यों के समर्पण और सेवा भावना को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देता है।

इस अवसर पर तेजमल बुरड़, डा. तारेश जैन, राजेन्द्र सुराणा, अशोक पालडेचा, राजेश रांका, सुशील छाजेड़, यशवंतराज कोठारी, विजयराज जैन आदि पदाधिकारियों ने डॉ. नरेन्द्र पारख को बधाई दी।

वर्द्धमान शिक्षण समिति ने किया सम्मान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख को महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर समिति द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रकाश गदिया, रमेश चंद मेडतवाल, प्रवीण कुमार खेतपालिया, दीपचंद कोठारी, दुलराज मकाना, उत्तमचंद देरासरिया, समिति सदस्य वैभव सुखलेचा, धनपतराज श्रीश्रीमाल, विशाल नाहटा (चेन्नई), वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा, समिति प्रबंधक नेहा जैन उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आर्ची पाखरोट का वर्द्धमान परिवार ने किया सम्मान



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा,व्यवसाय,संयम पथ के साथ साथ खेल के मैदान में भी परचम फहरा रहे हैं। ब्यावर का नाम जिलेभर के साथ राष्ट्रीय स्तर ही नहीं बल्कि अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वर्द्धमान परिवार का नाम चमका रहे हैं।

समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से सीनियर सेकेंडरी तक पढ़ाई करने वाली पूर्व छात्रा आर्ची पाखरोट ने हाल ही में विदेशी धरती कजाकिस्तान में आयोजित एशियन कज्जाख कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया। वर्द्धमान परिवार की ऐसी प्रतिभावान खिलाड़ी का ब्यावर लौटने पर वर्द्धमान परिसर के सभागार में अभिनन्दन किया गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सच में यह अवसर संपूर्ण वर्द्धमान परिवार के लिए गौरवशाली पल है। हमारे यहां संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थान के आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण परिसर एवं पढ़ाने वाले टीचर्स, गेम्स खिलाने वाले कोच के मेहनत का परिणाम है जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के साथ खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम फहरा रहे हैं।

अभिनन्दन कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आर्ची पाखरोट का माला,साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आर्ची की माताजी ममता जी पाखरोट का भी स्वागत किया





गया। अभिनन्दन कार्यक्रम में समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, प्रकाश गदिया, रमेश चंद मेडतवाल, प्रवीण कुमार खेतपालिया, दीपचंद कोठारी, दुलराज मकाना, उत्तमचंद देरासरिया, समिति सदस्य वैभव सुखलेचा, धनपतराज श्रीश्री माल विशाल नाहटा (चेन्नई), वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा, समिति प्रबंधक नेहा जैन, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, उप प्राचार्या सुनिता चौधरी, कोच गौतम चौहान ने स्वागत सम्मान किया।

सम्मान पाकर हुई अभिभूत...

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आर्ची पाखरोट आज जब उसका सम्मान किया गया एवं जब वो अपने स्कूल परिसर को देखा तो बड़ी अभिभूत हो उठी। उसने अपनी अब तक की सफलता का श्रेय अपने माता,पिता परिवार जनों एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति,भंवरलाल गोठी स्कूल के टीचर्स एवं अपने कोच गौतम चौहान को दिया।

साप्ताहिक
वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा
Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world
ब्यावर
5 नवम्बर 2025, बुधवार



गोठी स्कूल के बच्चों ने आर्ट एंड क्रॉफ्ट में दिखाया हुनर

किसी ने बनाए महावीर स्वामी, किसी ने बनाए राधा,कृष्ण, समिति का लोगो भी बना डाला

वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों की कलात्मक अभिरुचि को विकसित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिता में अपनी कला एवं शिल्प कौशल का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक श्री महावीर स्वामी, श्री राधा कृष्ण, एवं एक छात्र ने तो वर्द्धमान शिक्षण समिति का लोगो बनाकर सबको आश्चर्य चकित कर दिया।

कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने दीपावली, टीचर्स डे, फादर्स डे आदि अवसरों के कार्ड बनाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी भावनाओं को बेहद खूबसूरत अंदाज में व्यक्त किया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से आकांक्षा जैन ने प्रथम हृदय सिसोदिया ने द्वितीय और सोमिल अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 से दिव्यांशी वाधवानी प्रथम, पदमाक्षी सोनी द्वितीय एवं दिग्वेश दाधीच तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों हेतु कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बेहद आकर्षक वॉल हैंगिंग, लेम्प, स्टिक वॉल हैंगिंग, पेन होल्डर, फ्लॉवर पॉट, बटरफ्लाई, पेपर वॉच, शिव मंदिर आदि बनाकर अपने उत्कृष्ट हुनर का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कक्षावार विजेता घोषित किये गये जिसमें कक्षा 3 से दिव्यांश कुमावत प्रथम, प्रियल जैन द्वितीय, मिशिका तृतीय, कक्षा 4 से प्रथम स्थान नमित जैन, द्वितीय स्थान हिमांशी, तृतीय स्थान पर टिया खन्ना रहीं। कक्षा



5 में मितांश प्रजापति ने प्रथम, ध्रुवी खण्डेलवाल ने द्वितीय तथा तनिष्का भाटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के तृतीय खण्ड में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए लिप्पन कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। लिप्पन कला गुजरात के कच्छ क्षेत्र की एक पारम्परिक दीवार कला है जिसमें मिट्टी व दर्पण के टुकड़ों का जटिल डिजाइन बनाया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा लिप्पन कला का नायाब प्रदर्शन करते एक से बढ़कर एक बेहतरीन डिजाइन तैयार किये गए। प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 6 से रेयांश सोनी ने प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान यशविनी दगदी, तृतीय स्थान हर्षिता शर्मा ने प्राप्त किया। कक्षा 7 से हिताक्षी वाघेला ने प्रथम, रेनिशा जैन ने द्वितीय, भविन जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 से प्रथम शिवानी शर्मा, द्वितीय हर्ष गुरनानी और तृतीय हितिका जैन रही।

कक्षावार आयोजित प्रतियोगिता में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, प्रधानाचार्य श्रीमान् धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ,उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने समस्त विजेताओं को बधाई एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।













केरियर काउंसलिंग सेमिनार में बच्चों को मिला गाइडेंस







वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय प्रांगण में शनिवार को बी. ए. सी. अजमेर के आदेशानुसार कम्पनी सैकरेट्री इंडिया के अजमेर चैप्टर के दिशा निर्देशन में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिये एक करियर काउंसलिग सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिष्ठित कम्पनी सचिव तथा लागत एवं प्रबंधन लेखाकार श्री लेखक अग्रवाल तथा अजमेर चैप्टर संयोजक श्री आनन्द मिश्रा नें विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य वक्ता सी.एस. सी.एम.ए.लेखक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कम्पनी सचिव संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाते हुए करियर निर्माण के लिए कम्पनी सचिव कोर्स की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होनें जानकारी देते हुए बताया कि लगभग तीन साल में मात्र 50,000 रुपये तक की फीस में विद्यार्थी 7,00,000 रुपये से करोड़ों रुपये सालाना तक की आय प्राप्त कर सकता हैं। यह कोर्स आनॅलाइन पद्धति से भी किया जा सकता है। जिसमें वाणिज्य, कला एवं विज्ञान किसी भी संकाय के विद्यार्थी बारहवीं कक्षा के बाद कर सकते है। जिसमें औसतन 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह डिग्री हासिल की जा सकती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सी.एस. लेखक अग्रवाल से समय - समय पर विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं करियर को सही दिशा देने हेतु इस तरह की सेमिनार का आयोजन करवाने का आग्रह किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार गुप्ता नें अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



डॉज बॉल की प्लेयर्स ने दिखाया दमखम...





वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में इंटर हाउस डॉज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के कर - कमलों द्वारा किया गया। उन्होनें सभी प्रतिभागियों का परिचय लेते हुए उन्हें सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने भी सभी प्रतियोगी छात्राओं को शुभकामनाएँ प्रेषित कर उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक समीर एस. कुमार व गौतम चंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इंटर हाउस डॉज बॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस से 16-16 खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहे- जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान ब्लू हाउस ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर रेड हाउस रहा।

सीनियर वर्ग में रेड हाउस ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और ब्लू हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्रीमती ज्योति चौहान, विवेक भट्ट, गौतम चौहान (आई.पी.), व कमल सैनी द्वारा निभाई गई। टाइम कीपर की भूमिका श्रीमती शिखा अरोड़ा द्वारा निभाई गई।

प्रतियोगिता के समापन पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा व अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, शाला प्रधानाचार्य धमेन्द्र कुमार शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित कर सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शाला के अध्यापक-अध्यापिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



विंटर क्लॉथ वर्कशॉप का आयोजन







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स में विंटर क्लॉथ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्द्धमान रूट्स स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विंटर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सर्दियों के कपड़ों का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए सही कपड़े पहनना बहुत जरूरी होता है यह कपड़े शरीर की गर्मी को बनाए रखते हैं और ठंडी हवा से शरीर को सुरक्षित रखते हैं।।सही कपड़े पहनने से सर्दी जुकाम खांसी बुखार जैसे बीमारियों से बचाव होता है।। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के ऊनी वस्त्रों जैसे स्वेटर, जैकेट, कोट, मफ़लर,शॉल, टोपी ,दस्तानें एवं थर्मल कपड़े जो शरीर के अंदर पहने जाते हैं इन गर्म वस्त्रों को दिखाकर सभी के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और बताया कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाती है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर ने बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी कपड़े पहनने,उनकी देखभाल करने और जरूरतमंदों की मदद करने के महत्व के बारे में बताया। इसका उद्देश्य बच्चों में सहयोग ,स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाना था। प्राचार्या ने बताया कि ऐसी वर्कशॉप बच्चों को न केवल जानकारी देती है बल्कि उनमें संवेदनशीलता भी विकसित करती है।



38वी अंतर महाविद्यालय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में वर्द्धमान की छात्राओं ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीते

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 38वी अंतर महाविद्यालय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की छात्राओं ने पी.टी.आई सीमा कंवर के निर्देशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुमन भाटी ने 59 किलो श्रेणी में स्वर्ण पदक एवं लक्षिता ने 62 किलो, नीतू सैनी ने 57 किलो एवं लकिता तुनगारिया ने 50 किलो श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं ब्यावर जिले का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है कुश्ती जैसे खेल मे भी देश का नाम रोशन कर रही है। इसलिए वर्द्धमान महाविद्यालय अनवरत रूप से बेटियों को शिक्षा के साथ साथ खेल में आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने सभी विजयी छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि खेल गतिविधियों में निरन्तर भाग लेने से छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है।





नाज़ में बच्चों के दांतों की हुई निःशुल्क जांच

श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में हुआ निःशुल्क दंत चिकित्सा जाँच शिविर का सफल आयोजन





ब्यावर, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह जैन अग्रसेन विद्यापीठ, सेंदड़ा रोड में 3 और 4 नवंबर को नवकार डेंटल केयर (डॉ. मोहित नाहर) के सहयोग से नि:शुल्क दंत चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य छात्रों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक अवस्था में दाँतों से जुड़ी समस्याओं की पहचान करना है।

शिविर के पहले दिन प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक तथा दूसरे दिन कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की दंत जांच की गई। डॉ. मोहित नाहर और उनकी विशेषज्ञ टीम ने प्रत्येक छात्र की जाँच कर उचित परामर्श दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दंत स्वच्छता से जुड़ी कई नई बातें सीखीं। विद्यालय के प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। स्वस्थ दाँत न केवल एक सुंदर मुस्कान की पहचान हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अच्छे स्वास्थ्य की भी नींव हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से दंत जाँच के लिए प्रेरित करें और उन्हें बचपन से ही दाँतों की देखभाल की आदत डालें। इस शिविर में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यह संदेश देना था कि स्वस्थ मुस्कान ही आत्मविश्वास की पहली सीढ़ी है। इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्रधानाचार्य श्री नागेश राठौड विद्यालय की इस नवीन पहल पर सराहना की और कैंप के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर शुभकामनाएं दी।



नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर जागरूकता हेतु विशेष व्याख्यान का आयोजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के व्याख्याता एवं छात्राओं ने कार्यशील मॉडल के माध्यम से नशा करने के दुष्प्रभावों, समाज में नशे की बढ़ती समस्या एवं इससे निदान के उपायों पर विस्तृत चर्चा की।

अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा ने बताया कि नशे की प्रवृति दीमक की तरह व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र को निरंतर खोखला कर रही है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए अच्छा परिवेश और स्नेहपूर्ण माहौल जरूरी है। उन्होंने सभी से नशा मुक्त भारत निर्माण में सहयोग की अपील की।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शर्मा ने इसी क्रम मे आगे आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर अधिकारी कोमल गुप्ता ने उपस्थित सभी संकाय सदस्यों एवं स्वयं सेविकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं नवनिर्माण का होगा भव्य उद्घाटन....

सादर जय जिनेंद्र

आगामी 18, 19, 20 दिसंबर 2025 गुरुवार/ शुक्रवार/शनिवार को श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाईयों में नवनिर्माण के उदघाटन एवम परम्परागत वार्षिक उत्सव भव्यता के साथ आयोजित होंगे।

प्रति दो वर्षों में एक बार होने वाले इन अविस्मरणीय वार्षिक उत्सवो के आयोजन में कई गणमान्य अतिथियो एवम दुर्लभ व्यक्तित्वो के सानिध्य प्राप्ति की संभावना है।

कार्यक्रम

दि. 18 दिसंबर गुरुवार (कॉलेज परिसर)

सायं महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवम पुरुस्कार वितरण

दि. 19 दिसंबर शुक्रवार (महाविद्यालय परिसर)

सायं विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों (Up to 5th) का वार्षिकोत्सव

20 दिसम्बर शनिवार

मध्याह्न 12.15 बजे

समिति द्वारा संचालित गोठी स्कूल में नवीनीकृत सुसज्जित प्रयोगशालाओं एवं भव्य कक्षा कक्षों का उदघाटन

सायं 6 बजे से

विद्यालय के सीनियर विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव (महाविद्यालय परिसर)

धन्यवाद

निवेदक

मंत्री, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर